

## एक नजर में

### एसडीएम ने सहकारी समिति में खाद वितरण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया



**रतलाम।** एसडीएम रतलाम ग्रामीण विवेक सोनकर ने सहकारी समिति बरबोदना का निरीक्षण कर खाद वितरण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों से बातचीत की और उन्हें खाद वितरण व्यवस्थाओं में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी ली। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने खाद की उपलब्धता और वितरण की व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### सोने चांदी के आभूषण सहित लावारिस पर्स लौटाया



**रतलाम।** माणकचौक थाना क्षेत्र में एक सराहनीय उदाहरण सामने आया, प्रहलाद पिता श्री कन्हैयालाल अग्रवाल निवासी नागरवास रतलाम ने ईमानदारी की मिसाल पेश की। अमजद पिता उमर शाह नि. नयापुरा रतलाम का पर्स 18 अक्टूबर को नौलाईपुरा मे कही गिर गया था, जिसके अंदर सोने का मंगलसूत्र मय सोने के मोती व सोने की अंगुठी, एक चांदी की अंगुठी नग गुलाबी कलर का लगा व कान के टाप्स एक जोड थे। उक्त पर्स नगरवास निवासी प्रहलाद अग्रवाल को मिला तो उन्होंने बिना देर किए थैली को लेकर माणकचौक पुलिस थानेपहुंचकर ईमानदारी का परिचय दिया। उपनिरीक्षक प्रवीण वास्कले एवं सहायक उपनिरीक्षक छोटेलाल यादव ने उक्त पर्स मालिक का पता लगाकर बुलाया तथा उनको पर्स सुरक्षित वापस लौटाया। इस नेक कार्य के लिए पुलिस प्रशासन ने प्रहलाद पिता कन्हैयालाल अग्रवाल की ईमानदारी और सज्जनता की सराहना की।

### नगर निगम कार्यालय में हुआ सरस्वती पूजन



**रतलाम।** नगर निगम कार्यालय पर सरस्वती तथा कलम दवात का पूजन निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा ने निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ किया। सरस्वती तथा कलम दवात पूजन के अवसर पर निगम अधिकारी महेश सिरोहिया, जगदीश पांचाल, विजय बालोद्रा, राजेन्द्र शर्मा, गोपाल झालीवाल, राजेन्द्रसिंह राठौर, राजेन्द्र पुरोहित, राजेन्द्रसिंह गेहलोत, बलवंतसिंह राठौर सहित निगम कर्मचारी उपस्थित थे।

### रतलाम जिले के 152752 से अधिक किसानों के खातों में राहत राशि जमा

**रतलाम।** अधीक्षक भू-अभिलेख अखिलेश मालवीय ने बताया कि सरकार द्वारा प्राकृतिक आपदा (अतिवृष्टि, बाढ/पीला मोजेक/कीट प्रकोप) से हुई फसल क्षति के लिए किसानों को राहत राशि प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से रतलाम जिले के 152752 किसानों को 1418705773 रूपये राशि वितरित की गई है। शेष 130726 किसानों को 711664227 रुपए वितरित किया जाना प्रक्रियाधीन हैं।

# भाई दूज पर बहनों ने लगाया तिलक, भाइयों ने दिया उपहार

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक भाईदूज गुरूवार को उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र, सुख-

**उत्साह से मनाया भाई दूज पर्व, बहनों ने हाथों से बने पकवान भाइयों को खिलाए**

समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। परंपरा के अनुसार बहनों ने अपने हाथों से बने पकवान या मिठाइयां भाइयों को खिलाई। इसके बदले में भाई ने उन्हें उपहार देकर जीवनभर उनकी रक्षा करने का वचन दोहराया।

बहनों ने भाईदूज पर भाई को मंगल टीका लगाने और भाइयों का पसंदीदा भोजन तैयार करने की जोरदार तैयारियां कर रखी थीं। भाईदूज के अवसर पर छोटे बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। भाई बहन के बीच प्रेम और सेंड का यह त्योहार आपसी एकजुटता और पारिवारिक संबंधों को मजबूत करने में मदद करता है।



### इसलिए मनाया जाता है भाईदूज पर्व

भाईदूज का अर्थ है भाई और दूज (दूसरा दिल)। यह दिन भाई-बहन के रिश्ते को और मजबूत बनाने का त्योहार है। भाईदूज का इतिहास कई पौराणिक कथाओं से जुड़ा है। एक कथा में भगवान कृष्ण ने अपनी बहन सुभद्रा को तिलक किया। दूसरी कक्षा के अनुसार उमराज ने अपनी बहन यमुना से मिलने के लिए इस दिन को चुना और आशीर्वाद दिया कि जो भी अपनी बहन से तिलक करवाएगा उसकी उम्र बढ़ेगी।

### यह है भाईदूज का सनातन महत्व

भाईदूज भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत बनाने का प्रतीक है। यह दिन परिवार के बंधनों को और मजबूत करता है और बुरी शक्तियों से बचाने का विश्वास दिलाता है। देशभर में इसे अलग-अलग रीति-रिवाजों से मनाया जाता है। बहनें पूजा की थाली में रोली, चावल, मिठाई और फल सजाती हैं। बहनें भाइयों की आरती करती है और तिलक करती हैं। भाई अपनी बहनों को उपहार और आशीवांद देते हैं। घरों में विशेष व्यंजन बनाए जाते हैं।

## आज होगा सोयाबीन खरीफ 2025 भावांतर भुगतान योजना का शुभारंभ

**सैलाना।** सोयाबीन खरीफ 2025 भावांतर भुगतान योजना का शुभारंभ शुक्रवार को सैलाना कृषि उपज मंडी समिति के मुख्य मंडी प्रांगण सहित उपमंडी बाजना एवं रावटी में किया जाएगा। योजना के शामिल होने व लाभ लेने के लिए पंजीकृत किसानों को मंडी प्रांगण में प्रवेश के लिए कुछ दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य रहेगा। इनमें कृषक आधार कार्ड की प्रति, सोयाबीन पंजीयन क्रमांक की प्रति, सोयाबीन से भरे वाहन का क्रमांक आदि शामिल हैं। किसान को मंडी पहुँचने पर जानकारी देकर ई-मंडी प्रवेश पर्ची प्राप्त करनी होगी। इसी पर्ची के आधार पर किसान की उपज नीलामी के लिए स्वीकार की जाएगी। कृषि उपज मंडी समिति सैलाना द्वारा किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि से मंडी में अपनी उपज लाएं तथा सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर प्रक्रिया पूर्ण करें, ताकि भावांतर योजना का अधिकतम लाभ प्राप्त किया जा सके।

### नीलामी-भुगतान प्रक्रिया

नीलामी के उपरांत खरीदार व्यापारी द्वारा वास्तविक तोल के अनुसार उपज का मूल्य निर्धारित किया जाएगा। भुगतान की राशि किसान के पंजीकृत बैंक खाते में सीधे हस्तांतरित की जाएगी।

### व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

योजना की तैयारियों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी तरुण जैन मंडी में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। साथ ही योजना के क्रियान्वयन को लेकर व्यापारी संघ अध्यक्ष इंद्रेश चंडालिया, किसान संघ के पीर चंद पाटीदार, तुलावटी संघ के श्याम सांवरिया से चर्चा की। इस दौरान तहसीलदार कुलभूषण शर्मा, थाना प्रभारी पिंकी अजनार, मंडी सचिव रूमान सिंह, खाद्य अधिकारी मोहित सिंह, मंडी कर्मचारी मौजूद थे।

## नवागत टीआई ने पद संभाल, यातायात व्यवस्था देखी

**सैलाना।** नवागत सैलाना पुलिस थाना प्रभारी पिंकी आकाश अजनार ने गुरुवार को सैलाना पुलिस थाने में आमद देते हुए पदभार ग्रहण किया। अजनार ने पद ग्रहण कर पूरे थाने के स्टाफ से परिचय लेते हुए लंबित प्रकरण व पुराने रिकार्ड सहित क्राइम सबंधित जानकारी ली। पदभार ग्रहण करते ही अजनार ने सैलाना नगर के सबसे व्यवस्तम मार्ग सदर बाजार में पैदल भ्रमण करते हुए नगर की यातायात व्यवस्था देखी। इस मौके पर एसआई शंकर सिंह शक्तावत, एएसआई हितेंद्र सिंह परिहार, सीताराम पेनिवार, प्रधान आरक्षक संदीप भदौरिया, नरेन्द्रसिंह झाला आदि शामिल थे।



## कलेक्टर ने दिया जिले के विकास की रणनीति व रोडमैप का प्रेजेंटेशन

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** नीति आयोग द्वारा भोपाल - इंदौर रीजन को इकोनोमिक ग्रोथ हब के रूप में विकसित करने के लिए चिन्हित किया गया है। इंदौर ग्रोथ हब में रतलाम जिले को भी सम्मिलित किया गया है। सी. एस. नीति आयोग द्वारा गुरूवार को वीसी के माध्यम से भोपाल-इंदौर रीजन के सम्मिलित जिलों के नगरीय क्षेत्र के आर्थिक विकास की रणनीति एवं रोडमेप की जानकारी जिला कलेक्टरों से प्राप्त की गई। रतलाम जिले के विकास की रणनीति तथा इसे प्राप्त करने के लिए रोडमैप का प्रजेंटेशन कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने दिया। एनआईसी कक्ष में कमिश्नर नगर निगम श्री अनिल भाना, जिला योजना अधिकारी श्री पाटीदार ई.ई. पीडब्ल्यूडी एम. एस. चौहान, उद्यानिकी अधिकारी मंगल सिंह डोडवे, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण अरूण पाठक, पी.डी. आत्मा नर्गेस सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

**भोपाल-इंदौर इकोनोमिक ग्रोथ हब के संबंध में सीएस नीति आयोग ने ली वीसी**



## शताब्दी वर्ष समारोह के तहत होंगे कई आयोजन

**रतलाम।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा राष्ट्र की सेवा में 100 वर्ष पूरे होने पर अक्टूबर से शुरू होने वाले शताब्दी वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में कई कार्यक्रमों की योजना बनाई जा रही है। इन कार्यक्रमों के दौरान, यूपीएससी अपनी विरासत, उपलब्धियों, अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं, आईटी पहलों और परीक्षा सुधारों को प्रदर्शित करेगा। आयोग द्वारा यह आयोजन पूरे देश में व्यापक रूप से प्रदर्शित किए जाने का निर्णय लिया है।

## पटाखे फोड़ने को लेकर हुआ विवाद पुलिस ने दोनों पक्षों पर की कार्रवाई

**रतलाम।** पटाखे जलाने की बात पर गणेश नगर क्षेत्र में विवाद इतना बढ़ गया कि पड़ोसी महिलाओं ने एक महिला से मारपीट कर दी। पूरी वारदात पास के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना मिलने पर औद्योगिक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। मामले की जानकारी लगने पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचे और फरियादी महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का विरोध जताया। विवाद बढ़ता देख पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाइश देकर मामला शांत करवाया। एक पक्ष फिर थाने पहुंचा और विरोधी पक्ष द्वारा कराई गई एफआईआर का विरोध किया ओर दूसरे पक्ष पर सख्त धाराएं बढ़ाने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गया। टीआई सत्येंद्र रघुवंशी ने मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना समाप्त हुआ।

## आठवें वेतन आयोग और वरिष्ठ नागरिकों की रियायतों पर की चर्चा

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** सेंट्रल गवर्नमेंट एवं रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन तथा ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन रतलाम मंडल के पदाधिकारी मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री एवं शहर विधायक चैतन्य काश्यप से मिले। उन्होंने दीपावली पर की शुभकामनाएं दी व स्वागत कर केंद्रीय कर्मचारियों की आठवें वेतन आयोग एवं सीनियर सिटीजन रेल कंसेशन एवं संगठन की गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की।

**राष्ट्रीय पेंशन डे के लिए मंत्री को दिया आमंत्रित**

सेंट्रल गवर्नमेंट एवं रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन तथा ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन रतलाम मंडल अध्यक्ष प्रकाश व्यास, वरिष्ठ सलाहकार आईएल पुरोहित पोस्टल, विजय प्रकाश दुबे एफसीआई, रामखिलावन कुमायूं रेलवे, विक्रम वाघेला डिफेंस, सतीशसिंह राठौर आकाशवाणी दूरदर्शन ने चर्चा की। श्री व्यास ने बताया कि संगठन का 17 दिसंबर को प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पेंशन डे के लिए तथा उज्जैन में ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन के 11 नवंबर को उज्जैन में होने वाले मंडलीय वार्षिक अधिवेशन के लिए आमंत्रित किया। आपने कहा कि वैसे तो केंद्र सरकार और विशेष कर रेल मंत्री बहुत ही क्रियाशील मंत्री है तथा समस्याओं पर ध्यान देते हैं, मेरा भी प्रयास रहेगा कि आपकी समस्याओं से उन्हें अवगत कराऊ, अपने स्थानीय समस्याओं के लिए कहा कि कभी भी आप समस्याओं से अवगत करा सकते हैं। आप सभी सीनियर सिटीजन देश सेवा के बाद अब समाज सेवा से जुड़े रहे यही प्रयास होना चाहिए।



### यह रहे मौजूद

संजय वशिष्ट, कम्युनिकेशन सेक्रेटरी देवेंद्र वर्मा, सुरेंद्रसिंह वाघेला, ईश्वर सिंह राठौड़, रमेश चंद्र शुक्ला, महेश चंद्र शर्मा, यूएल जायसवाल, सुधीरकांत दुबे, आरएस झाला, महेश सोलंकी, कमलजीतसिंह, सुरेश वर्मा, दशरथ शर्मा, गयाप्रसाद शर्मा, भूपेंद्र लोहरे, वीरेंद्रसिंह यादव, सुनील परणकर, राम गणेश वर्मा, शफीक रहमान शेख, माणकलाल दगदी, शाकिर अली, सुबोध गुमास्ते, ओमनारायण पोरवाल, मंसूर खान, बीएल पालीवाल, एमएल मेहर उपस्थित थे।



## 56 भोग लगाकर किया हनुमान चालीसा का पाठ

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** श्री राम भक्त मण्डल द्वारा पिछले दो वर्षों से लगातार हर मंगलवार को श्री राम मंदिर गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज धर्मशाला रामगढ़ पर हनुमान चालीसा का पाठ रात्री 8 बजे से किया जा रहा हैं। दीपोत्सव पर आए मंगलवार को यहां विशेष आयोजन किया गया। मंडल द्वारा भगवान को 56 भोग लगाया गया और फिर भक्तिमय हनुमान चालीसा का पाठ कर दीपोत्सव मनाया। इस दौरान विशेष आयोजन पर श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के समाजजनों द्वारा विशाल उपाध्याय का सम्मान भी किया गया। आयोजन में समाजनों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आभार राजेश चेष्ठा ने माना।

**दो वर्षों से हर मंगलवार कर रहे हनुमान चालीस का पाठ**

## पशु-पक्षियों के लिए अनाज गाड़ी योजना, मसा ने किया अवलोकन

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** जैन सोशल ग्रुप नवकार द्वारा 27 योजनाएँ चलाई जा रही हैं। उन्हीं में से एक योजना है — पशु-पक्षियों के लिए अनाज गाड़ी योजना। इस योजना का अवलोकन डॉ. अमृतरसाजी मसा ने श्रीसंघ के साथ किया। मसा ने अपने मंगल उद्बार में कहा कि आज के युग में लोग अपने लिए जीते हैं, लेकिन नवकार की टीम जीवदया के विषय में सोचती है और सदैव अबोल जीवों के लिए कुछ नया करती रहती है। मा.सा. ने कहा कि पिछले तीन माह से मैं नवकार ग्रुप की विभिन्न करुणा योजनाओं के बारे में सुन रही थी, लेकिन आज जब मैंने 'पशु-पक्षियों के लिए अनाज गाड़ी योजना' का अवलोकन किया, तो ऐसा लगा मानो जीवदया का पर्याय 'नवकार' बन गया है। अनेक ग्रुप योजनाएँ तो चलाते हैं, परंतु उन्हें सुचारू रूप से नहीं चला पाते, जबकि आप 2018 से जो 27 योजनाएँ नियमित रूप से चला रहे हैं, वह निश्चित रूप से अनुमोदनीय है। मा.सा. ने आगे फरमाया कि आपके द्वारा जीवदया का जो कार्य किया जा रहा है, वह पूर्व जन्म के पुण्य प्रताप का फल है। अबोल जीवों के लिए जो निस्वार्थ सेवा आप कर रहे हैं, वह अगले जन्म में अवश्य आपके लिए फलदायी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि आपकी जीवदया की योजनाओं के कारण आज आपका नाम केवल जावरा में नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश, देश और विदेशों में भी विख्यात हो रहा है। मा सा ने सकल श्रीसंघ को प्रेरणा दी कि आप अपना जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ होटल में ना मनाकर जीव दया पर मानावे ताकि आने वाले भव में भी काम आयेगा साथ ही अपने पूर्वजों की पुण्य तिथि पर जीव दया में अवश्य दान करे। इस अवसर पर ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष संजय आंचलिया, पूर्व अध्यक्ष अभिषेक बोरदिया, श्रीसंघ अध्यक्ष अजीत चतर, अशोक बोरदिया, पुखराज चतर, तेजमल मेहता, अशोक कटारिया, नगीन सकलेचा, राजेंद्र सुराणा, सुनील दसेड़ा, सुनील चपड़ोद, नीलेश जैन, सुरेश मेहता, अंकुर सुराणा, नरेश मारवाड़ी, कल्पना धारीवाल, सुहानी चतर, सपना वनाक्या आदि उपस्थित रहे। जानकारी अंकित जैन ने दी।

**जैन सोशल ग्रुप नवकार की प्रेरणादायी पहल**



**भाईदूज पर्व** | **भाई की पैशानी पर लगाया कुमकुम तिलक, मनाया भाईदूज पर्व**

## टीका लगाकर बहनों ने की भाईयो की लंबी उम्र की कामना

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** भाई-बहन के अटुट प्रेम तथा विश्वास के प्रतिक रक्षाबंधन के साथ ही भाई दूज के पर्व का भी अपना विशेष महत्व हैं। दीपोत्सव के पांचवे दिन कार्तिकमास की दूज को मनाया जाने वाला यह पर्व भी भाई-बहन के लिए सौंभाग्य का पर्व हैं। रक्षाबंधन के दिन बहने अपने भाई के घर जाती है तथा भाईदूज के दिन भाई अपने बहन के घर पहुंचते हैं। भाई तथा बहन के प्रेम का यह पर्व नगर में भी उत्साह के साथ गुरुवार को मनाया गया। नन्हें बच्चों से लेकर युवाओं तथा बड़ों ने भी इस पर्व को भारतीय संस्कृति के अनुरुप मनाया। गुरुवार को सुबह से ही भाई दूज पर्व को लेकर भाईयों के साथ बहनों में भी उत्साह रहा। सुबह से लेकर शाम तक चले इस पर्व में भाई अपनी बहनों के घर पहुंचे। बहनों ने भी भाईयों को स्वादिष्ट पकवान बनाकर खिलाऐं। भोजन के बाद अपने भाईयों को बहनों ने मंगल तिलक लगाकर उनकी लम्बी उम्र तथा तरक्की की कामना की। वहीं भाईयों ने भी अपनी बहन को उपहार प्रदान कर पर्व को मनाया।

**शक्तिनुसार बहन को अनुपम उपहार करते है भेट :** भाई दुज मनाने की प्रथा भी वर्षो पुरानी है। इसमें बहन अपने भाई को अपने घर बुलाती है और भाई की आरती कर लम्बी उम्र की कामना करती है। भाई भी अपनी शक्तिनुसार बहन को अनुपम उपहार भेट करता है। कुंवारी बहनें अपने घर पर ही भैय्या को तिलक निकाल कर लम्बी उम्र की कामना करती है।

**जीवित हैं भारतीय संस्कृति:** भाई दूज का पर्व नगर में नन्हें बच्चों के साथ नगर के युवाओं ने भी मनाया। अपने घर के बड़ों को भाई दूज का पर्व मनाते देख बच्चों ने अपने माता-पिता से पर्व के बारे में जाना। आधुनिक युग तथा इंटरनेट के इस माहोल में भी युवाओं में अब भी भारतीय संस्कृति जीवित हैं, इसका अंदाजा त्यौहारों को पूरी रितीरिवाजों के साथ मनाकर नगर के युवाओं ने साबीत किया। नगर की युवतियों ने अपने भाईयों को तिलकर लगाकर भाईदूज का पूर्व भारतीय संस्कृति के अनुरुप मनाया।



### भाइयों की सलामती की मांगी दुआ-

भाई बहन के प्यार का प्रतीक भैया दूज पर भाइयों के माथे टीकों से सजे दिखाई दिए। दिनभर भाईयों का बहनों के घर टीका लगवाने के लिए पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। माथे पर टीका लगाते हुए बहनों ने अपने भाइयों की सलामती दीर्घायु की दुआ मांगी। वहीं सुबह से ही दुकानों पर खरीदारी करने के लिए महिलाओं और युवतियों का तांता लगा रहा। मिठाइयों से लेकर आकर्षक तोहफो की खरीदारी की गई। बहन भाई के प्रेम को दर्शाता भैया दूज का त्योहार शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया।

### मंदिरों में की पूजा

भाई बहन के अटूट प्रेम को सूत्र में पिरोते इस त्योहार को जितना उत्साह बहनों में दिखा उतने ही भाई भी उत्साहित दिखे। भाईयों ने भी अपनी बहनों को स्नेह स्वरूप उपहार दिए। बाजार में महिलाओं और युवतियों ने जमकर खरीदारी की। मंदिरों में इस मौके पर सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिए तांता लगा रहा। धनतेरस, दीपावली, लक्ष्मी पूजन, गोवर्धन पूजा और भैया दूज के साथ दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया।